सिवनी

शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

संपादक : संजय बघेल




शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 346 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

## न्यूज ब्रीफ

### हरिवंश का राज्यसभा उपसभापति निर्विरोध चुना जाना तय

**नईदिल्ली।** हरिवंश के राज्यसभा के उपसभापति के तौर पर निर्विरोध चुने जाने की संभावना है। न्यूज एजेंसी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि हरिवंश के पक्ष में पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जबकि विपक्ष की ओर से इस पद के लिए कोई प्रस्ताव नहीं आया है।

### नितिन नवीन सहित 16 सदस्यों ने राज्यसभा सांसद पद की शपथ ली

**नईदिल्ली।** बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री राम नाथ ठाकुर और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक सिंघवी ने, 13 अन्य नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसदों के साथ, गुरुवार को सांसद पद की शपथ ली। भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने बिहार, असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और तेलंगाना का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्यसभा के 16 नवनिर्वाचित/पुनर्निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई।

### महाराष्ट्र के पालघर में फैक्ट्री का बायलर फटा, एक गंभीर घायल

**पालघर।** महाराष्ट्र में पालघर जिले के बोईसर के औद्योगिक इलाके की फैक्टरी में बॉयलर फटने से एक मजदूर बुरी तरह झुलस गया। घटना सुबह 10.45 बजे तारापुर महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (स्ẞ्ष्ष्ट) इलाके में स्थित नंदोसल इंडस्ट्रीज में हुई। मजदूर करीब 60 प्रतिशत तक झुलस गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में कामयाब रहे। कदम ने कहा कि धमाके के पीछे की सही वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है।

### केजरीवाल का हलफनामा रिकॉर्ड पर लेने की अनुमति

**नईदिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णा कांत शर्मा ने अरविंद केजरीवाल का अतिरिक्त हलफनामा रिकॉर्ड पर लेने की अनुमति दी। हलफनामे में जज पर हितों के टकराव के आरोप लगाए गए हैं।

राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# मोदी बोले- विपक्ष क्रेडिट ले, मैं ब्लैंक चेक देने को

### प्रियंका बोलीं- महिलाएं बार-बार बहकाने वाले पुरुषों को पहचान लेती हैं, सावधान हो जाएं

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**पीएम** मोदी ने गुरुवार को महिला आरक्षण बिल से जुड़े संशोधनों पर कहा कि परिसीमन में किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। यह मोदी की गारंटी है और वादा है। विपक्ष इसका क्रेडिट ले सकता है।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि एक नैरेटिव गढ़ा जा रहा है कि 3 बिलों से साउथ के राज्यों की लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। उन्होंने कहा, 'लोकसभा की कुल 543 सीटों में दक्षिण राज्यों की 129 सीटें हैं। परिसीमन के बाद यह बढ़कर 195 हो जाएंगी। तमिलनाडु की सीटें 39 से बढ़कर 59 होंगी।' प्रियंका गांधी ने कहा, 'वे (पीएम) कह रहे हैं कि उन्हें इसका श्रेय नहीं चाहिए। मैं कहती हूं कि बार-बार बहकाने वाले पुरुषों को महिलाएं पहचान लेती है। सावधान हो जाइए नहीं तो पकड़े जाएंगे।'

बिलों पर चर्चा के लिए 16 और 17 अप्रैल को 15 घंटे का समय तय किया गया है। कल शाम 4 बजे वोटिंग की जाएगी। संशोधन बिल में लोकसभा सांसदों की संख्या 850 करने का प्रस्ताव है।बिलों पर चर्चा के लिए 16 और 17 अप्रैल को 15 घंटे का समय तय किया गया है। कल शाम 4 बजे वोटिंग की जाएगी। संशोधन बिल में लोकसभा सांसदों की संख्या 850 करने का प्रस्ताव है।

**अमित शाह ने कहा- साउथ के राज्यों में सीटें कम नहीं होंगी**

अमित शाह ने कहा, 'पूरी चर्चा पर सभी सवालों का जवाब मैं कल दूंगा, लेकिन आज भी कुछ जवाब देने हैं, ताकि स्पष्टता बनी रहे। एक सबसे बड़ा नैरेटिव खड़ा किया जा रहा है कि ये जो 3 बिल हैं। वो आने से साउथ के राज्यों की क्षमता लोकसभा में कम हो जाएगी। मैं बिल जो सदन के सामने है। उसका प्रैक्टिकली बता रहा हूं। कर्नाटक राज्य में 28 सीटें हैं ये बिल पारित होने के बाद कर्नाटक की संख्या 42 हो जाएगी और प्रतिशत 5.14 हो जाएगा। आंध्र प्रदेश में अभी 25 सीटें हैं उसका प्रतिशत 4.60% है। बिल पारित होने के बाद सीटें 38 हो जाएंगी। तेलंगाना में 17 सीटे हैं उसका 3,13% है। बाद में बढ़कर 26 हो जाएंगी।

## पीएम की स्पीच की 4 बड़ी बातें, बोले- इसमें राजनीतिक लाभ नहीं



**मैं क्रेडिट का ब्लैंक चेक दे रहा हूं:** यहां कुछ लोगों को लगता है, इसमें कहीं न कहीं मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा। अगर साथ चलेंगे तो किसी को भी नहीं होगा। फिर अलग पहलू हो जाता है। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए जैसे ही पारित हो जाए तो मैं एड देकर सबको धन्यवाद देने तैयार हूं। सबकी फोटो छपवा देंगे। ले लो जी क्रेडिट। सामने से क्रेडिट का ब्लैंक चेक आपको दे रहा हूं।

**जिसको भी गारंटी चाहिए, वो देता हूं:** अगर गांरटी शब्द चाहिए तो मैं वह शब्द भी उपयोग करता हूं, वादा की बात करते हो तो उसे भी इस्तेमाल करता हूं। तमिल में कोई शब्द हो तो मैं उसे भी कहता हूँ। क्योंकि जब नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है।

**काले कपड़े पहनकर आए लोग नजर का टीका:** हमारे यहां परंपरा है कि अच्छे काम में किसी की नजर न लगे इसके लिए काला टीका लगाते हैं, इसलिए मैं आपका (डीएमके) धन्यवाद करता हूं। दरअसल, पीएम ने डीएमके का नाम लिए बिना जिक्र किया। डीएमके सांसद आज परिसीमन बिल का विरोध करने के लिए काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे थे।

**महिलाओं को हक देकर प्रायश्चित कर रहे:** हम भ्रम में न रहें, हम अहंकार में न रहें। यहां मैं और तुम की बात नहीं कर रहा हूं। हम हम देश की नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं। ये उनका हक है। और हमने कई दशकों से उनको रोका है। आज उसका प्रायश्चित करके उस अपराध से मुक्ति पाने का अवसर है।

## शाह ने बताया- लोकसभा की 850 सीटों का आंकड़ा कैसे आया

अमित शाह ने कहा, सरकार जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती। यह भी झूठ है। जनगणना दो हिस्सों में होती है पहले मकानों को इंगित किया जाता है। फिर रहवासियों से पूछा जाता है। अभी मकानों की कोई जातीय व्यवस्था नहीं है, इसलिए नहीं होती। 850 का आंकड़ा कहां से आया, मैं समझाता हूं। मानों 100 सीटें हैं जिसमें 33% आरक्षण देना है तो उसमें 50 सीटें बढ़ाते है तो सीटें 150 होती हैं। 850 राउंड ऑफ फिगर है। कल इसके बारे में डिटेल में बताऊंगा।

### शाह ने कहा- साउथ के बारे में सरलता से बताउंगा, बस धैर्य से सुनें

अमित शाह ने कहा, कुल मिलाकर साउथ में संसद की कुल 543 सीटों में 129 सांसद आते हैं। यह बढ़कर 195 सीटों का हो जाएगा। मतलब उनकी शक्ति कम नहीं हो रही, बल्कि बढ़ रही है। मैं जिम्मेदारी के साथ यह कह रहा हूं।' ' वेणुगोपाल कह रहे हैं कि यह किसने कहा, मैं भारत का गृहमंत्री यह बात कह रहा हूं। कल उनको डिटेल जवाब दूंगा। बस कल सुनने के लिए बैठे। केजी के बच्चे को समझ आए इतनी सरलता से बताउंगा, बस धैर्य से सुनें।'

### प्रियंका ने पूछा- अभी 33% आरक्षण क्यों नहीं दे रहे



प्रियंका गांधी ने कहा, '543 में से महिलाओं को 33% आरक्षण क्यों नहीं दे रहे। अगर पद खोने का डर नहीं तो कुछ लोग इसमें अपना पद खो दें। ताकि महिलाएं और ओबीसी वर्ग आ सके। ये आज ही कर दें, शुभ काम हो जाएगा काला टीका भी काम आ जाएगा।' 'देश की महिलाओं के नाम पर देश के बुनियादी ढांचों से खिलवाड़ नहीं हो सकता। संसद को कमजोर करके सत्ता कायम रखने की साजिश हो रही है।

### प्रियंका गांधी ने कहा, पीएम घबरा रहे

प्रियंका गांधी ने कहा, अब क्यों मन बदल गया, इतनी जल्दबाजी क्यों। आज पीएम महोदय ने भले हल्के में बोल दिया कि इस वर्ग उस वर्ग को बाद में देख लेंगे। कौन सा वर्ग पिछड़ा वर्ग। हम इनकी मांग कर रहे हैं इन्हें अपना हक मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम किस बात से घबरा रहे हैं। इस बात से न कि जब नई जनगणना होगी तो ओबीसी के नए आंकड़ें निकलेंगे तो पता चलेगा कि यह वर्ग कितना मजबूत है। 2011 की जनगणना को परिसीमन का आधार बनाकर मोदी जी उनका हक छीनना चाहते हैं, कांग्रेस यह होने नहीं देगी।

# अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 13 जहाजों को लौटाया



### 3 दिन में एक ने भी होर्मुज क्रॉस नहीं किया; इजराइल-लेबनान की बातचीत आज

तेल अवीव | एजेंसी
rashtrabaan.in

**अमेरिकी** सेना ने कहा है कि उसने ईरान के बंदरगाहों से निकलने की कोशिश कर रहे 13 जहाजों को वापस लौटा दिया। अमेरिकी सेना ने ईरान के समुद्री इलाके में नाकाबंदी कर रखी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के मुताबिक, सोमवार से शुरू हुई इस नाकाबंदी के बाद अब तक कोई भी जहाज इसे पार नहीं कर पाया है।

ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने नाकाबंदी नहीं हटाई, तो वह खाड़ी इलाके में व्यापार को बाधित कर सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि आज इजराइल और लेबनान के नेता जंग खत्म करने पर सीधे बातचीत करेंगे। यह पिछले 34 साल में दोनों देशों के बीच पहली सीधी बातचीत होगी। इजराइल और लेबनान के नेता आखिरी बार 1991 में मैड्रिड कॉन्फ्रेंस में आमने-सामने बैठे थे।

**अमेरिका का दावा- ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा घायल**

अमेरिका ने दावा किया है कि ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई घायल हैं। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि ईरान के शीर्ष नेता के घायल होने की जानकारी मिली है। उन्होंने पहले भी ईरान के नेतृत्व के घायल होने को लेकर ऐसे दावे किए हैं। हालांकि अब तक ईरान सरकार या किसी आधिकारिक स्रोत ने इस बारे में कोई पुष्टि नहीं की है। हेगसेथ ने कहा कि ईरान अपनी खोई हुई सैन्य ताकत को दोबारा नहीं पा सकता। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य ताकत में बड़ा अंतर है और यह मुकाबला बराबरी का नहीं है। हेगसेथ ने ईरान के सैन्य नेतृत्व को चेतावनी देते हुए कहा, 'हम आपको देख रहे हैं।'

**अमेरिका-ईरान शांति समझौते के करीब पहुंचे**

अमेरिका और ईरान 21 अप्रैल को खत्म हो रहे सीजफायर से पहले समझौते के करीब पहुंच रहे हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच बातचीत आगे बढ़ी है, हालांकि कुछ मतभेद अब भी बाकी हैं। इस बीच तेहरान में ईरानी अधिकारियों और पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के बीच अहम बैठक होगी। मुनीर पहले ही ईरान पहुंचकर विदेश मंत्री अब्बास अराघची से मुलाकात कर चुके हैं और वे अमेरिकी संदेश लेकर गए हैं। पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। उधर, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर के साथ मिलकर बातचीत और ड्राफ्ट प्रस्ताव साझा कर रहे हैं। अधिकारियों के मुताबिक, डील के लिए सीजफायर को बढ़ाया जा सकता है, हालांकि अमेरिका ने अभी औपचारिक सहमति नहीं दी है।

# भाजपा चुनाव में धमाके कराएगी : ममता

### तमिलनाडु में एक्टर विजय का मेनिफेस्टो जारी, शादी में 8 ग्राम सोना और साड़ी देने का वादा

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**पश्चिम** बंगाल के कूच बिहार के दिन्हाटा की चुनावी रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा चुनावों के दौरान बम लगाने की योजना बना रही है। जांच के लिए एनआईए को लाएगी। तमिलनाडु चुनाव के लिए तमिलगा वेट्री कझगम के प्रमुख और एक्टर विजय ने गुरुवार को पार्टी का मेनिफेस्टो जारी किया। इसमें महिलाओं को साल में 6 फ्री गैस



सिलेंडर और 60 साल से कम उम्र की महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपए देने का वादा किया गया है। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं की मदद के लिए शादी के समय 8 ग्राम सोना और सिल्क साड़ी देने का भी वादा किया गया है।

**चुनाव से जुड़े अपडेट्स...**

1. चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में 200 से अधिक स्थानों को हिंसा-संभावित घोषित किया है। यहां चुनाव और चुनावों के बाद अशांति का इतिहास रहा है।

2. चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में 200 से अधिक स्थानों को हिंसा-संभावित घोषित किया है। यहां चुनाव और चुनावों के बाद अशांति का इतिहास रहा है।

3. सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के तबादले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी।


4. तमिलनाडु के मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने केंद्र सरकार के प्रस्तावित परिसीमन विधेयक के विरोध में तिरुचिरापल्ली में अपने आवास पर काला झंडा फहराया।

### सुप्रीम कोर्ट में चुनावों में वोटिंग अनिवार्य करने की मांग, याचिका खारिज

# सीजेआई बोले- जरूरत जागरूकता की है, हम किसी को मजबूर नहीं कर सकते

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**सुप्रीम** कोर्ट ने गुरुवार को देश में वोटिंग अनिवार्य करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि ऐसा आदेश नीतिगत दायरे में आता है और न्यायपालिका इसे जारी नहीं कर सकती। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि जान-बूझकर वोट न डालने वालों के



लिए दंडात्मक कार्रवाई की मांग और वोटिंग अनिवार्य बनाने वाली याचिकाओं पर कोर्ट सुनवाई नहीं कर सकता।

बेंच ने पीआईएल याचिकाकर्ता अजय गोयल से कहा कि वे अपनी शिकायतों को लेकर संबंधित पक्षों से संपर्क करें।याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की थी कि जो लोग जान-बूझकर वोट डालने से दूर रहते हैं, उनके लिए सरकारी सुविधाओं पर रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। सीजेआई ने कहा- लोकतंत्र कानूनी दबाव के बजाय जन जागरूकता से फलता-फूलता है। एक ऐसे देश में जो कानून के शासन से चलता है और लोकतंत्र में विश्वास रखता है। जहां हमने 75 सालों में हमने दिखाया है।

**सीजेआई ने चुनाव के दौरान होने वाले परेशानियां भी बताईं**


सुनवाई केदौरान बेंच ने अनिवार्य वोटिंग कानून की व्यावहारिक कठिनाइयों का जिक्र किया और कहा कि चुनाव के दिनों में, जजों समेत कई नागरिकों को काम करना पड़ता है। दरअसल, याचिकाकर्ता ने सुझाव दिया था कि कोर्ट को चुनाव आयोग को निर्देश देना चाहिए कि वह वोट न डालने वालों के लिए सरकारी सुविधाओं पर रोक लगाए।

# दिल्ली एयरपोर्ट पर अकासा एयर और स्पाइसजेट के विमान टकराए

### दोनों प्लेन को नुकसान लेकिन यात्री सुरक्षित

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**दिल्ली** के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट का विमान अकासा एयर के विमान से टकरा गया। घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे हुई। जानकारी के मुताबिक अकासा एयर की दिल्ली से हैदराबाद जाने वाली फ्लाइट नंबर ्क्क्रा406 पार्किंग बे से पुशबैक कर रहा था, तभी लेह से दिल्ली आया स्पाइसजेट का ङ्क737-700 विमान टेक्सी वे से गेट की तरफ



बढ़ते समय उससे टकरा गया।

हादसे में स्पाइसजेट विमान के राइट विंगलेट टूट गया। वहीं, अकासा के प्लेन के लेफ्ट होरिजोंटल स्टेबलाइजर को नुकसान पहुंचा है। इस घटना के बाद ग्राउंड क्रू ने तुरंत ही दोनों प्लेन के सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से निकाल लिया। घटना के बाद स्पाइसजेट और अकासा के प्लेन दिल्ली में ही ग्राउंड कर दिए गए हैं, यानी इन्हें अगली उड़ाने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। घटना की जांच की जा रही है।

### ट्रिब्यूनल 21 अप्रैल तक जिन्हें वोटर मानेगा, वे 23 को वोट डाल सकेंगे

# बंगाल में सप्लीमेंट्री वोटर लिस्ट बने: सुप्रीम कोर्ट

नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

**सुप्रीम** कोर्ट ने गुरुवार (16 अप्रैल) को चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह पश्चिम बंगाल में सप्लीमेंट्री वोटर लिस्ट जारी करे। इसमें उन वोटर्स को शामिल किया जाए, जिनकी अपीलों पर ट्रिब्यूनल में फैसला हो गया है। कोर्ट ने कहा कि जिनकी अपीलें पेंडिंग हैं, उन्हें वोट डालने की इजाजत नहीं होगी।

बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) में 90.83 लाख वोटर्स के नाम काट दिए गए हैं। इन वोटर्स की अपील सुनने के लिए सुप्रीम कोर्ट के



आदेश पर ट्रिब्यूनल बनाए गए हैं। बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए दो फेज में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को वोटिंग होना है। पहले फेज में जहां वोटिंग होना है, वहां 21 अप्रैल तक वोटर्स की अपील पर फैसला हो जाने पर वे वोट दे सकेंगे। वहीं दूसरे फेज वाले इलाकों के वोटर्स 27 अप्रैल तक अपील पर फैसला होने पर वोट डाल सकेंगे। जैसे ही ट्रिब्यूनल नाम जोड़ने का आदेश देगा, इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर तुरंत सूची में संशोधन करे। सीजेआई सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच एसआईआर प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इस प्रक्रिया में बड़ी संख्या में नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं।

**ट्रिब्यूनल पर ज्यादा बोझ नहीं डाला जाना चाहिए**

कोर्ट ने यह भी कहा कि ट्रिब्यूनल पर ज्यादा बोझ नहीं डाला जाना चाहिए, लेकिन एक मजबूत अपील प्रणाली जरूरी है ताकि असली वोटर्स के अधिकार सुरक्षित रह सकें। अगर बड़ी संख्या में वोटर्स बाहर रह जाते हैं और चुनाव में जीत का अंतर कम होता है, तो नतीजों पर सवाल उठ सकते हैं। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया और राज्य सरकार ट्रिब्यूनल को पूरा सहयोग दें।

**19 ट्रिब्यूनल के सामने 34 लाख से ज्यादा अपीलें**

सुनवाई के दौरान बताया गया कि 19 ट्रिब्यूनल के सामने 34 लाख से ज्यादा अपीलें लंबित हैं। ये ट्रिब्यूनल रिटायर्ड हाईकोर्ट जजों की अगुवाई में बनाए गए हैं। पश्चिम बंगाल में एसआईआर अभियान का मकसद वोटर लिस्ट से डुप्लिकेट और अयोग्य नाम हटाना बताया जा रहा है। हालांकि इस पर सियासी विवाद तेज है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

शहडोल राष्ट्रबाण

● ब्यौहारी ● जयसिंघनगर ● सोहागपुर ● गोहपारु ● बुढार ● जैतपुर

# गाड़ियों के सहारे फैलता आइसक्रीम कारोबार, बाहरी नेटवर्क पर उठे गंभीर सवाल

### स्वास्थ्य और गुणवत्ता मानकों की अनदेखी

**जिले में बाहरी आइस्क्रीम कारोबारियों की गतिविधियां अब सिर्फ ठेलों तक सीमित नहीं रह गई हैं। गाड़ियों के माध्यम से बड़े स्तर पर कारोबार संचालित किया जा रहा है, जबकि न तो इन कारोबारियों का कोई पुलिस वेरिफिकेशन है और न ही उनके वाहनों की जांच। हाल ही में गाड़ियों के साथ छेड़छाड़ के आरोपों ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है।**






राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

जिले में आइसक्रीम बेचने का तरीका तेजी से बदल गया है। अब यह कारोबार ठेलों तक सीमित न रहकर विशेष रूप से तैयार गाड़ियों के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। ये वाहन शहर की गलियों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच बना रहे हैं। सूत्रों की माने तो इन गाड़ियों का उपयोग केवल बिक्री के लिए नहीं बल्कि स्टोरेज और सप्लाई चेन के रूप में भी किया जा रहा है, जिससे कारोबार का दायरा लगातार बढ़ रहा है।

### बाहरी कारोबारियों का नहीं हुआ सत्यापन

जिले में सक्रिय अधिकांश आइसक्रीम कारोबारी प्रदेश से नहीं अन्य राज्यों से आए हुए बताए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि वर्षों से काम कर रहे इन लोगों का अब तक कोई ठोस पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हुआ है। बिना पहचान और पंजीयन के इस तरह कारोबार चलना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोग भी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि आखिर बिना जांच के इतने बड़े स्तर पर बाहरी लोग कैसे सक्रिय हैं।

### बिना अनुमति वाहनों में छेड़छाड़

सूत्रों की माने तो कई गाड़ियों में तकनीकी बदलाव और छेड़छाड़ किए जाने की भी बात सामने आ रही है। बताया गया है कि इन वाहनों में अतिरिक्त स्टोरेज बनाने के लिए संरचना में बदलाव किए गए हैं, जिनकी कोई आधिकारिक अनुमति नहीं है। इसके अलावा कुछ स्थानीय लोगों ने आरोप लगाए हैं कि इन गाड़ियों की आड़ में अन्य संदिग्ध गतिविधियां भी संचालित हो सकती हैं। जानकरों की मानो तो इनको नियमानुसार गाड़ी में कोई भी मॉडिफिकेशन जैसे फ्रीजर बॉक्स, स्टोरेज बिना अनुमति नहीं किया जा सकता है।

### स्थानीय व्यापारियों में बढ़ा आक्रोश

स्थानीय आइसक्रीम विक्रेताओं का कहना है कि वे नियमों का पालन करते हुए लाइसेंस और टैक्स देते हैं, जबकि बाहरी कारोबारी बिना किसी रोक–टोक के काम कर रहे हैं। इससे बाजार में असंतुलन की स्थिति बन रही है और उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग से कार्रवाई की मांग की है।

### जिम्मेदार विभागों की चुप्पी पर सवाल


खाद्य सुरक्षा विभाग, परिवहन विभाग और पुलिस प्रशासन की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। इतने बड़े स्तर पर गाड़ियों के माध्यम से संचालित हो रहे इस कारोबार के बावजूद अब तक कोई व्यापक जांच या संयुक्त कार्रवाई सामने नहीं आई है। वर्षों से जारी इस व्यवस्था ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

### सुरक्षा मानकों को दे रहे चुनौती

जिले में आइसक्रीम कारोबार के नाम पर गाड़ियों से चल रहा यह नेटवर्क नियमों और सुरक्षा मानकों को चुनौती देता नजर आ रहा है। आम जनता अब यह जानना चाहती है कि आखिर कब इस पूरे मामले में ठोस और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**यह कहता है नियम :** आइसक्रीम बेचने वाले कारोबारियों के लिए फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) से लाइसेंस लेना अनिवार्य है, साथ ही उत्पाद की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखना जरूरी होता है। वहीं उपयोग में लाई जा रही गाड़ियों का क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में पंजीयन, फिटनेस सर्टिफिकेट और इंश्योरेंस होना चाहिए। बिना अनुमति वाहन में किसी प्रकार का बदलाव मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अवैध माना जाता है। नगर पालिका से ट्रेड लाइसेंस और कई मामलों में पुलिस वेरिफिकेशन भी आवश्यक है। इसके बावजूद यदि बिना नियमों का पालन किए कारोबार होता है तो संबंधितों पर जुर्माना और कार्रवाई का प्रावधान है।

# मेडिकल कॉलेज में एंटी–रैगिंग पर सख्ती, छात्रों ने लिया अनुशासन का संकल्प



राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में गुरुवार को एंटी-रैगिंग एवं छात्र अनुशासन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों और कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई, साथ ही उन्हें अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अधिष्ठाता डॉ. गिरीश बी. रामटेके ने स्पष्ट किया कि महाविद्यालय में रैगिंग के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति लागू है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा में ज्ञान के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और संवेदनशीलता का समावेश भी जरूरी है।कार्यक्रम में डॉ. मितेश सिन्हा, डॉ. राजेश टेंभुर्निकार, डॉ. किरण और डॉ. सुनील तिडके ने छात्रों को संबोधित करते हुए रैगिंग से होने वाले मानसिक और सामाजिक नुकसान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने छात्रों से आपसी सम्मान और सहयोग की भावना के साथ अध्ययन करने की अपील की। वहीं सोहागपुर थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय ने रैगिंग से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक दंडनीय अपराध है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है। उन्होंने छात्रों को कानून का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने रैगिंग से दूर रहने और महाविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने की शपथ ली। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन, चिकित्सा स्टाफ और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में जागरूकता बढ़ाकर एक सुरक्षित, सकारात्मक और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण तैयार करना रहा।

# लोगो को वितरित किया गया एफटीके किट, जल का बताया गया महत्व



राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड शहडोल एसएल धुर्वे ने बताया कि विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से जल परीक्षण हेतु ग्राम विक्रमपुर, चिटुहिला एवं बरतरा में एफटीके किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगो को एफटीके किट के माध्यम से पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता परीक्षण की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल के महत्व के संबंध में जागरूक करते हुए नियमित जल परीक्षण हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से विकासखंड समन्वयक दीप नारायण त्रिपाठी, पीएमयू स्टाफ एवं आईईसी समन्वयक रोहणी कुमार बर्मन उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई तक किया गया आमंत्रित

**शहडोल।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक दीवान ने जानकारी दी है कि संचालनालय, खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश द्वारा 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च, 2026 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2025 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को राशि दस हजार रूपये, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को राशि 8 हजार रूपये एवं कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को राशि 6 हजार रूपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है।

# चोरी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए सोहागपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि फरियादी अमित कुमार विश्वकर्मा, निवासी पुरानी बस्ती वार्ड क्रमांक 39 ने जेसीबी कंपनी के हाइड्रोलिक इंजन ट्रांसमिशन ऑयल और फिल्टर किट चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर गुरुवार को रामगोपाल यादव उम्र 27 वर्ष निवासी हरदी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात स्वीकार कर ली। उसके बताए स्थान से पुलिस ने जेसीबी कंपनी का ट्रांसमिशन ऑयल, फिल्टर किट सहित करीब 50 हजार रुपये का चोरी गया माल बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। मामले में आगे की जांच जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सोहागपुर निरीक्षक अरुण कुमार पाण्डेय और पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 19 अप्रैल को होगी आयोजित

**शहडोल।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनंद राय सिंहा ने जानकारी दी है कि शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय शहडोल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 वी में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा आफलाईन के माध्यम से रविवार 19 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से 1.00 बजे तक आयोजित की जाएगी एवं उक्त परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र शा. हाईस्कूल बालक सोहागपुर को निर्धारित किया गया है।

# नाग तलैया में श्रमदान, जल संरक्षण के लिए नागरिकों ने लिया संकल्प

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in




नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस लाइन ग्राउंड स्थित नाग तलैया में श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई।जिला कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान के दौरान तालाब की साफ-सफाई, कचरा निष्कासन और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का कार्य किया गया। इसमें नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता मित्रों के साथ सामाजिक संस्था के प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया और सभी ने सामूहिक रूप से जल स्रोतों की सुरक्षा का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण केवल शासन का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर उपयंत्री एस. के. तोमर, स्वच्छता निरीक्षक अनिल महोबिया सहित नगर पालिका अमला और वार्डवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल संरक्षण के इस अभियान में सक्रिय सहयोग दें और इसे जनआंदोलन का रूप देकर भविष्य के लिए जल संसाधनों को सुरक्षित रखने में योगदान दें।

# कमिश्नर ने योजनाओं की समीक्षा की, राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने राजस्व प्रकरणों के समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों को लंबित मामलों की नियमित सुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।आयुक्त ने बटवारा, सीमांकन और नामांतरण से जुड़े प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने तथा सभी मामलों का पंजीयन कर उनकी मॉनिटरिंग वरिष्ठ स्तर पर करने को कहा। उन्होंने फार्मर रजिस्ट्री के पंजीयन में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में शहडोल, अनूपपुर और उमरिया जिलों के कलेक्टर सहित जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए आयुक्त ने संभावित पेयजल संकट वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां अग्रिम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खराब हैंडपंपों की मरम्मत और नए हैंडपंपों के उत्खनन में तेजी लाने, साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजनाओं के सुचारू संचालन और त्वरित मरम्मत पर भी जोर दिया गया। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों का सकारात्मक निराकरण करने तथा अनावश्यक रूप से आवेदन निरस्त न करने के निर्देश दिए गए। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पूर्व और वर्तमान कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने तथा शहरी क्षेत्रों में अमृत 2.0 योजना के तहत तालाबों के सौंदर्यीकरण और पार्क निर्माण की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा गया। आयुक्त ने संकल्प से समाधान अभियान के लंबित प्रकरणों के शत-प्रतिशत निराकरण, एचपीवी टीकाकरण अभियान को 30 अप्रैल तक पूर्ण करने और वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी जनगणना कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने, प्रगणकों के प्रशिक्षण और 1 से 30 मई तक प्रस्तावित मकान गणना की तैयारियां पूरी करने पर भी जोर दिया। किसानों को खाद का वितरण ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन करने तथा नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए।

### ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

# बुढ़वा क्षेत्र में अवैध रेत खनन का कारोबार बेखौफ

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in



जिले के बाणसागर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़वा ग्राम पंचायत सहित आसपास के इलाकों में अवैध रेत खनन का कारोबार लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि रेत माफिया और कुछ जिम्मेदार विभागीय कर्मचारियों की मिलीभगत से यह पूरा अवैध धंधा खुलेआम संचालित हो रहा है, जिस पर रोक लगाने में प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। ग्रामीणों की माने तो नदियों और घाटों से दिन-रात रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है और इसे ट्रैक्टरों के माध्यम से परिवहन किया जा रहा है। चिंता की बात यह है कि कई जगहों पर नाबालिगों से ट्रैक्टर चलवाकर रेत ढुलाई कराई जा रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की कार्रवाई न के बराबर बताई जा रही है।स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस और अन्य संबंधित विभागों को इन गतिविधियों की पूरी जानकारी होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले और बुलंद हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार सुबह करीब 9 बजे डायल 112 पुलिस द्वारा रेत से भरे लगभग छह ट्रैक्टरों को पकड़ा गया था लेकिन कुछ ही समय बाद सभी वाहनों को छोड़ दिया गया। लेकिन वर्तमान में उक्त स्थान और मोबाइल वाला को व्यक्ति नहीं था जो इस घटना को अपने कैमरे में कैद कर लेता जिससे ग्रमीणों के आरोपों और हकीकत सामने आ जाती। बहरहाल ट्रैकटर छोड़ने के बाद उपस्थित पुलिस ने कहा हटाओ चलता है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि वन क्षेत्र और सोन अभ्यारण के भीतर से भी रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिससे वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अवैध रेत खनन पर तत्काल रोक लगाने और जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# दुर्घटनाग्रस्त कार से खुला राज, 200 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

राष्ट्रबाण शहडोल| संवाददाता rashtrabaan.in

जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक संदिग्ध कार दुर्घटना ने पुलिस को बड़ी सफलता दिलाई है। मामले की जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने करीब 200 किलोग्राम गांजा जब्त करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि13-14 अप्रैल की दरमियानी रात जैतपुर के पास एक बिना नंबर की क्रेटा कार दुर्घटनाग्रस्त मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाशी के दौरान लगभग 5 किलो गांजा बरामद किया। साथ ही फर्जी नंबर प्लेट और अन्य संदिग्ध सामग्री भी मिली, जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ाई गई। पुलिस ने घटनास्थल से मिले साक्ष्यों का विश्लेषण कर तस्करी के बड़े नेटवर्क का पता लगाया। इसके बाद 15 अप्रैल को बुढार और आसपास के क्षेत्रों में विशेष छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान रामपुर निवासी शंकर विश्वकर्मा और डोंगरी टोला निवासी हीरा सिंह को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से लगभग 200 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गांजा ओडिशा से अवैध रूप से लाया जा रहा था, जिसे अन्य राज्यों में सप्लाई किया जाना था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दुर्घटना से मिले छोटे सुरागों को विकसित कर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। फिलहाल दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और नेटवर्क के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

# कलेक्टर ने ली निर्माण विभागों के अधिकारियों की बैठक

## निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in



कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 16 अप्रैल को अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने एवं पूर्ण हो चुके कार्यों को संबंधित विभागों को हस्तांतरित करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ भी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न विभागों द्वारा बनायी जा रही सड़कों की स्थिति की समीक्षा की गई। इस दौरान एनएचपीडब्लेयूडी के अधिकारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक -543 के नैनपुर बायपास के अंत से बालाघाट बायपास अंत तक 66 किमी लंबाई में उन्नयन का कार्य किया जाना है। इसके लिए 844.53 करोड रुपए का संशोधित प्राक्कलन तैयार कर मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र भोपाल को प्रस्तुत किया गया है। इसी प्रकार राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-543 के गर्रा-वारासिवनी-तुमसर के महाराष्ट्र सीमा तक 51 किमी लंबाई में उन्नयन का कार्य प्रस्तावित है। कलेक्टर श्री मीना ने इस पर एनएचपीडब्लेयूडी के अधिकारी को निर्देशित किया कि इन मार्गो के उन्नयन के लिए भूमि आवंटन संबंधी कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करें और मुख्य अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र भोपाल से समन्वय कर उन्नयन कार्य की प्रक्रिया को शीघ्रता से आगे बढाये।

एमपीआरडीसी के जिला प्रबंधक ने बताया कि वारासिवनी-लालबर्रा सड़क बीओटी के अंतर्गत है और इसका मेटनेंस 2030 तक संबंधित फर्म द्वारा किया जाएगा। वारासिवनी-कटंगी सडक का कार्य पूर्ण हो चुका है। बैहर-लामता सड़क के 50 किमी लंबाई का कार्य किया जाना है। सिवनी-बालाघाट सड़क के बीटी रिनिवल का कार्य कर लिया गया है। इस सडक को फोरलेन करने का डीपीआर पूर्ण हो गया है। खैरलांजी-अगासी एवं सीतापठोर-महकेपार सड़क लोकनिर्माण विभाग को हस्तांतरित की जा रही है। बैहर-मुक्की-गढ़ी सड़क के 32 किमी में बीटी रिनिवल का कार्य कर लिया गया है। कलेक्टर श्री मीना ने सभी रोड में चल रहे मरम्मत के कार्यों कों शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए ।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, सेतु संभाग, पुलिस हाउसिंग बोर्ड, एमपी हाउसिंग बोर्ड, प्रधानमंत्री ग्रामीण सडक, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, जनजातीय कार्य विभाग, सिंचाई विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशित किया कि शाला भवन, स्वास्थ्य विभाग के भवन, छात्रावास भवन, नक्सल प्रभावित क्षेत्र की सडके, पुल पुलिया का कार्य समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने कहा । आरसीपीएलडब्लयूई एवं एससीए के अंतर्गत पूर्व में स्वीकृत सड़कों एवं पुल पुलिया का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। जिन कार्यों के लिए वन विभाग की अनुमति लेना है उसके लिए परिवेश पोर्टल पर जानकारी अपलोड की जाए एवं अनुमति लेने के प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण की जाए। वन विभाग से अनुमति लेने की प्रक्रिया में किसी भी तरह का विलंब नही होना चाहिए। छात्रावास एवं स्कूल भवनों के जो कार्य पूर्ण हो गए है उन्हें संबंधित विभाग को शीघ्र हस्तांतरित किया जाए।

बैठक में सिचाई विभाग के कार्यों की समींक्षा के दौरान सातनारी जलाशय एवं लामता सिंचाई योजना का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार पोला जलाशय के जमीन आवंटन संबंधी कार्यवाही को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की गयी।

# आजीविका मिशन से बदली रेखा रोकड़े की किस्मत, बनीं 'लखपति दीदी'

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in





कहते हैं कि अगर हौसले मजबूत हों, तो सीमित संसाधन भी बड़ी सफलता की राह नहीं रोक सकते। इसका जीता-जागता उदाहरण हैं खैरलांजी विकासखंड के ग्राम शंकरपिपरिया की निवासी श्रीमती रेखा रोकड़े, जिन्होंने आजीविका मिशन से जुड़कर अपनी जिंदगी की दिशा ही बदल दी। आज वे गांव में 'लखपति दीदी' के नाम से जानी जाती हैं और महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं।

रेखा रोकड़े एक सामान्य ग्रामीण परिवार से थीं। घर-गृहस्थी तक सीमित जीवन, कम संसाधन और सीमित आय के कारण परिवार का गुजारा मुश्किल से हो पाता था। परिवार की मासिक आय केवल 10,500 रुपए थी, जिससे जरूरतें पूरी करना चुनौती बना रहता था। वर्ष 2013 में रेखा ने 'चाँद आजीविका स्वयं सहायता समूह' से जुड़कर अपने जीवन में बदलाव की शुरुआत की। समूह में सक्रिय भूमिका निभाते हुए वे सचिव बनीं और धीरे-धीरे आर्थिक गतिविधियों की समझ विकसित की। आजीविका मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने मात्र 2,000 रुपए की राशि से सिलाई कार्य शुरू किया। मेहनत और लगन के बल पर उन्हें नियमित आय मिलने लगी। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2019-20 में राशन दुकान (सोसायटी) का संचालन भी संभाल लिया।

समूह से 40,000 रुपए का ऋण लेकर रेखा ने अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाया। वहीं बैंक से 50,000 रुपए का सीसीएल ऋण प्राप्त कर उन्होंने राशन दुकान का विस्तार किया। आज उनका काम न केवल उनके परिवार की आय बढ़ा रहा है, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी रोजगार का माध्यम बन गया है। उनके साथ जुड़ी महिलाओं को भी हर माह लगभग 3,000 रुपए की अतिरिक्त आय होने लगी है। आय में बड़ा उछाल रेखा की व्यक्तिगत आय 4,500 रुपए से बढ़कर 19,000 रुपए प्रतिमाह हो गई है। वहीं परिवार की कुल मासिक आय 10,500 रुपए से बढ़कर 32,000 रुपए तक पहुंच चुकी है।

रेखा ने राज्य सरकार की 'लाड़ली बहना योजना' का लाभ भी प्राप्त किया, जिससे उन्हें अतिरिक्त आर्थिक सहयोग मिला और आत्मनिर्भरता की राह और मजबूत हुई। रेखा रोकड़े कहती हैं,÷आजीविका मिशन ने मुझे आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया। आज मैं अपने परिवार के साथ-साथ अन्य महिलाओं को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हूं।÷ आज रेखा रोकड़े अपने गांव में महिला सशक्तिकरण की पहचान बन चुकी हैं। उनका यह सफर बताता है कि सही मार्गदर्शन, मेहनत और अवसर मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं।

# विज्ञान-गणित विषयों को बढ़ावा देने जनजातीय विभाग का विशेष अभियान

## छात्रावास प्रवेश में मिलेगी प्राथमिकता

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले में विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी विषयों में योग्य विद्यार्थियों की कमी को दूर करने के लिए जनजातीय कार्य विभाग ने महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। विभाग द्वारा छात्रावासों एवं आश्रम शालाओं में इन विषयों में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रवेश देने के निर्देश जारी किए गए हैं।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने बताया कि विभिन्न विभागों में इन विषयों के बैकलॉग पद रिक्त हैं, जिसका मुख्य कारण पर्याप्त संख्या में विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी विषयों के स्नातक एवं स्नातकोत्तर योग्य विद्यार्थियों का उपलब्ध न होना है। इस स्थिति को देखते हुए अब विद्यालय स्तर से ही विद्यार्थियों को इन विषयों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है। विभाग ने सभी विद्यालयों को निर्देशित किया है कि कक्षा 10वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भरवाकर, अपनी अनुशंसा सहित संबंधित छात्रावास अधीक्षकों को भेजें। साथ ही आवश्यक जानकारी भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि पात्र विद्यार्थियों को समय पर प्रवेश मिल सके।

सहायक आयुक्त श्रीमती डामोर ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि कोई छात्रावास अधीक्षक विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी विषयों में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश देने में लापरवाही बरतता है, तो उसके विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा जाएगा। विभाग ने सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी परिस्थिति में सीनियर छात्रावासों में जूनियर विद्यार्थियों को प्रवेश न दिया जाए। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। यह पहल भविष्य में तकनीकी एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में योग्य मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्कूलों और आंगनवाड़ियों में पेयजल गुणवत्ता की जांच

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in






जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड बालाघाट के ग्राम समनापुर, परसवाड़ा के ग्राम लिंगा तथा लालबर्रा के ग्राम कोसमी में स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु फील्ड टेस्टिंग किट (स्वज्ञ्य) के माध्यम से जल परीक्षण किया गया।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, उपखण्ड बालाघाट के ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत, केमिस्ट सरिता सोनेकर, परसवाड़ा ब्लॉक के सपन नाथ एवं लालबर्रा के परमानंद ठाकरे द्वारा एफटीके यूजर्स के साथ मिलकर पेयजल स्त्रोतों से जल नमूने लेकर मौके पर ही उनकी जांच की गई। इस दौरान स्वज्ञ्य के माध्यम से पानी के प्रमुख मानकों जैसे क्लोरीन, आयरन, फ्लोराइड एवं पीएच की जांच कर उपस्थित लोगों को इसकी प्रक्रिया समझाई गई। अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी नमूने में पानी दूषित पाया जाता है, तो उसे विस्तृत परीक्षण के लिए निकटतम जिला या ब्लॉक स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाएगा।

अभियान के अंतर्गत सामुदायिक भागीदारी को भी बढ़ावा दिया गया। गांव के सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, महिला समूह एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल परीक्षण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वे स्वयं अपने क्षेत्र में जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी कर सकें। कार्यक्रम के दौरान जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता भी फैलाई गई। ग्रामीणों, शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षकों ने मिलकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण उपरांत ग्राम पंचायतों को स्वज्ञ्य किट वितरित की गई, जिससे वे नियमित रूप से जल स्त्रोतों की जांच कर सकें। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट खंड कार्यालय से शीतल मिश्रा एवं पीएमयू की टीम भी उपस्थित रही। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने एवं जनजागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

# बालाघाट में जनगणना-2027 के तहत सेल्फ एन्यूमरेशन कार्य का शुभारंभ

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

जनगणना-2027 के अंतर्गत 16 अप्रैल से सेल्फ एन्यूमरेशन (स्व-गणना) का कार्य प्रारंभ हो गया है, जो 30 अप्रैल 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान के तहत नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज कर सकते हैं।

इसी क्रम में 16 अप्रैल को तहसील बालाघाट में कलेक्टर श्री मृणाल मीना एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण द्वारा स्वयं ऑनलाइन सेल्फ एन्यूमरेशन कर इस महत्वपूर्ण अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर एसडीएम श्री गोपाल सोनी, तहसीलदार सुश्री छवि पंत सहित संबंधित प्रगणक एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने आम नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला है। इससे प्राप्त आंकड़े शासन की योजनाओं और नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे जनगणना कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने बताया कि आम नागरिक जनगणना पोर्टल के माध्यम से 30 अप्रैल तक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इससे न केवल प्रक्रिया सरल होगी, बल्कि जब प्रगणक घर-घर सर्वे के लिए पहुंचेंगे, तब उनका कार्य भी सुगम हो जाएगा।

प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए समय रहते सेल्फ एन्यूमरेशन की प्रक्रिया पूर्ण करें और राष्ट्र निर्माण के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। इसी क्रम में गुरुवार को विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे एवं पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर कावरे द्वारा भी जनगणना-2027 के तहत सेल्फ एन्यूमरेशन फॉर्म भरकर नागरिकों को इस अभियान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। जनगणना सेल्फ इन्म्यूरेशन के दौरान तहसीलदार मंजुला महोबिया भी उपस्थित थी।

## 97.6 प्रतिशत परिणाम के साथ विद्यार्थियों ने लहराया परचम

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट का शानदार प्रदर्शन

कटंगी | संवाददाता
rashtrabaan.in







पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, बालाघाट के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं (सीबीएसई) बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। घोषित परीक्षा परिणामों में विद्यालय ने 97.6 प्रतिशत सफलता दर दर्ज की, जो संस्था की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत को दर्शाता है।

विद्यालय के प्राचार्य श्री अरुण कुमार तुमसरे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कुल 72 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें से 70 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। अधिकांश विद्यार्थियों ने उच्च अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में आरुष वाढीचार ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, रजत सरकार ने 96.6 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान तथा वाणिशा राउत ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने इस सफलता को सामूहिक प्रयास और समर्पण का परिणाम बताया है। विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय में हर्ष का वातावरण है और यह सफलता अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में जनजातीय कार्य विभाग के विद्यालयों का शानदार प्रदर्शन

बालाघाट | संवाददाता
rashtrabaan.in

सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं (सीबीएसई पाठ्यक्रम) बोर्ड परीक्षा में जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। जिले के कुल 6 विद्यालयों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें अधिकांश विद्यालयों ने शानदार उपलब्धि दर्ज की।

विशेष रूप से माता शबरी आवासीय कन्या परिसर बालाघाट, बिरसा, परसवाड़ा एवं आदर्श आवासीय विद्यालय मलाजखंड ने शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम हासिल कर अपनी गुणवत्ता का परिचय दिया है। वहीं, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा का परिणाम 94.34 प्रतिशत तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर का परिणाम 91.80 प्रतिशत रहा, जो अत्यंत सराहनीय है। इस परीक्षा में कुल 292 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 177 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी, 107 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी तथा 1 विद्यार्थी ने तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की। यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दर्शाता है।

जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त श्रीमती शकुंतला डामोर ने सभी सफल विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्राचार्यों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने आगामी सत्र में सभी विद्यालयों से और बेहतर प्रदर्शन तथा शत-प्रतिशत परिणाम की अपेक्षा जताई है। यह उपलब्धि जिले के शैक्षणिक स्तर को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली सिद्ध हुई है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

राष्ट्रबाण
सिवनी, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

# बुधवारी बाजार में अवैध पार्किंग पर कार्रवाई:20 वाहनों चालान कटे

### सड़क पर सामान फैलाने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**सिवनी** के बुधवारी बाजार क्षेत्र में यातायात पुलिस ने अवैध पार्किंग और अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 20 से अधिक वाहनों के चालान काटे। एएसआई शत्रुधन चौरिया ने बताया कि इस कार्रवाई का उद्देश्य बाजार की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना है।



**30 फीट की सड़क हुई 20 फीट**

नेहरू रोड और मॉडल रोड सहित बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण के कारण 30 फीट चौड़ी सड़क सिमटकर 20 फीट रह गई है। दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान फैलाने और फुटपाथ पर हाथ ठेलों के कब्जे से आए दिन जाम की स्थिति बन रही है।



**20 से अधिक वाहनों पर लगाया जुर्माना**

यातायात पुलिस ने सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहनों पर चालानी कार्रवाई की। अधिकारियों ने मौके पर ही वाहन चालकों को सख्त हिदायत दी कि वे भविष्य में केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें।

**दुकानदारों को सामग्री जब्ती की चेतावनी:** कार्रवाई के दौरान पुलिस ने उन दुकानदारों को अंतिम चेतावनी दी जो अपनी दुकान का सामान आधी सड़क तक फैलाकर व्यापार कर रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन जारी रहने पर सामग्री जब्त कर जुर्माना लगाया जाएगा।

**संयुक्त अभियान चलाने की मांग**

स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका और पुलिस विभाग से अतिक्रमण के खिलाफ संयुक्त और स्थायी अभियान चलाने की मांग की है। निवासियों का आरोप है कि नगर पालिका की टीम के जाते ही दुकानदार वापस सड़क पर कब्जा कर लेते हैं।

# कलेक्टर नेहा मीना का प्रेरणादायक बधाई संदेश

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**माध्यमिक** शिक्षा मंडल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के समस्त छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सतत सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विशेष प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश स्तरीय टॉप-टेन सूची में जिले की बालिकाओं एवं बालकों ने स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया है, जो पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है।



उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। सही दिशा में निरंतर प्रयास और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कलेक्टर श्रीमती मीना ने उन विद्यार्थियों को भी संदेश दिया, जिनका परिणाम अपेक्षाकृत कम रहा है या जो अनुत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने कहा कि निराश होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि असफलता ही सफलता की ओर पहला कदम होती है। हर चुनौती अपने साथ एक नया अवसर लेकर आती है। धैर्य, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़कर वे आगामी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि पूरक परीक्षाल में सम्मिलित होने वाले समस्त विद्यार्थियों के लिए विशेष रेमेडियल कक्षाएं संचालित कराई जाएं तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पात्र विद्यार्थी अनिवार्य रूप से परीक्षाओं में सम्मिलित हों, जिससे उनका शैक्षणिक वर्ष प्रभावित न हो।

उन्होंने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की कि वे बच्चों का उत्साहवर्धन करें, सकारात्मक एवं सहयोगात्मक वातावरण तैयार करें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। अंत में कलेक्टर श्रीमती मीना ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

# बैठक : उपार्जन केद्रों में किसानों को बेहतर एवं सुगम सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**कलेक्टर** श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए किसानों को बेहतर एवं सुगम सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में बताया गया कि जिले में गेहूं उपार्जन हेतु 54,096 किसानों ने पंजीयन कराया है। उपार्जन को व्यवस्थित एवं सुचारू बनाने के लिए जिले में कुल 78 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 66 गोदाम स्तरीय एवं 12 संस्था स्तरीय केंद्र शामिल हैं।



इसी प्रकार चना के लिए 5,318 एवं मसूर के लिए 2,967 किसानों ने पंजीयन कराया है, जिनके लिए 7 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहीं सरसों उपार्जन के लिए 2,506 किसानों ने पंजीयन कराया है। कलेक्टर श्रीमती मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए पेयजल, छाया, शौचालय, पंखा, छन्ना एवं ग्रेडिंग मशीन जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि एफएक्यू मानक के अनुरूप ही उपज की खरीदी सुनिश्चित की जाए और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि केन्द्रवार नोडल अधिकारियों के साथ ही उपार्जन से जुड़े अधिकारी नियमित रूप से उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण करेंगे, ताकि व्यवस्थाएं सुचारू बनी रहें और किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसानों को पारदर्शी, सुगम एवं परेशानी मुक्त उपार्जन व्यवस्था उपलब्ध कराना है, जिससे उन्हें समय पर लाभ मिल सके।

## छिंदवाड़ा बस हादसे में कंडक्टर की भी मौत

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले के उमरानाला स्थित सिमरिया हनुमान मंदिर के पास हुए भीषण सड़क हादसे में मृतकों की संख्या अब बढ़कर 11 हो गई है। हादसे में गंभीर रूप से घायल बस कंडक्टर राकेश भूरा मालवी ने इलाज के दौरान आज दम तोड़ दिया। वे नरसिंहपुर रोड खापाभाट वार्ड क्रमांक 10 के निवासी थे और उसी बस में कंडक्टर के रूप में कार्यरत थे।

# सिवनी में चार माह से राशन वितरण बंद : धन काकड़ी के ग्रामीणों ने किया हंगामा

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

सिवनी जिले की ग्राम पंचायत धन काकड़ी में सरकारी राशन वितरण व्यवस्था ठप होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। आदिम जाति सहकारी समिति धूमा के अधीन आने वाले इस केंद्र पर पिछले चार महीनों से पात्र हितग्राहियों को मुफ्त राशन नहीं मिल रहा है। बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों और महिलाओं ने एकत्रित होकर व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन किया और प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई।

**मशीन खराब होने का बहाना बनाकर लौटा रहे सेल्समैन**

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि समिति का सेल्समैन उन्हें लगातार चक्कर लगवा रहा है। जब भी ग्रामीण राशन लेने पहुंचते हैं, तो कभी पीओएस मशीन खराब होने तो कभी स्टॉक खत्म होने का बहाना बनाकर उन्हें खाली हाथ लौटा दिया जाता है। पिछले चार माह से राशन न मिलने के कारण गरीब परिवारों के सामने जीवनयापन का संकट पैदा हो गया है।



**राशन के बदले मजदूरी मांगने के आरोप**

कुछ हितग्राहियों ने सेल्समैन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि राशन देने के एवज में उनसे मजदूरी या आय का हिस्सा मांगने का दबाव बनाया जा रहा है। पात्र परिवारों ने इस कृत्य को गरीबों के अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए इसे मिलीभगत का परिणाम बताया है।

**लाडली बहनों में नाराजगी**

गांव की महिलाओं और लाडली बहनों ने बताया कि बार-बार उचित मूल्य की दुकान जाने के बावजूद उन्हें न तो अनाज दिया जा रहा है और न ही कोई संतोषजनक जवाब मिल रहा है। शिकायत करने पर प्रबंधक द्वारा केवल निलंबन का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन धरातल पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# 'नशे से मुक्ति की मिसाल : श्री बघेल ने बदली जिंदगी, बन रहे प्रेरणा '

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**शासन** के निर्देशनानुसार एवं जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में जिले में नशामुक्त भारत अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सामाजिक न्याय विभाग, पुलिस, स्वास्थ्य एवं स्कूल शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा जनजागरूकता के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिनका सकारात्मक असर अब समाज में दिखाई देने लगा है।

इसी कड़ी में ग्राम बल्लारपुर, जनपद पंचायत सिवनी निवासी श्री जठार सिंह बघेल एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरे हैं। लगभग 20-25 वर्षों तक शराब के नशे में डूबे रहने के बाद उन्होंने दृढ़ संकल्प के साथ इस आदत को छोड़ दिया। पिछले एक वर्ष से वे पूरी तरह नशामुक्त जीवन जी रहे हैं—और यही नहीं, अब वे दूसरों को भी इस राह पर चलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

# नरवाई प्रबंधन में उन्नत कृषि यंत्र उपयोगी

### अनुदान का लाभ लेकर नई तकनीकी अपनाने की अपील

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**सहायक** यंत्री कृषि सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि रबी फसल कटाई के बाद खेतों में बची नरवाई को जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे खेतों में आग न लगाएं और आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से नरवाई का प्रबंधन करें।

उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी के सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं भूमि की उर्वरा शक्ति घटती है वायु प्रदूषण बढ़ता है और आगजनी से जान माल का खतरा बना रहता है इसी कारण नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है और उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है विभाग द्वारा किसानों को रीपर, रीपर कम बाइंडर, स्ट्रॉ रीपर, मल्चर, सुपर सीडर और रिवर्सिबल प्लाऊ जैसे यंत्रों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इन यंत्रों के उपयोग से फसल अवशेष मिट्टी में मिलकर खाद बनते हैं खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ती है और पर्यावरण सुरक्षित रहता है, साथ ही किसानों को इन यंत्रों पर सरकारी अनुदान भी उपलब्ध कराया जा रहा है जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग ने सभी किसान भाइयों से आग्रह किया है कि नरवाई न जलाएं पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करें और आधुनिक तकनीकों को अपनाकर जिम्मेदार नागरिक बनें।

# चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से नमूनों की जांच के साथ ही दुकानदारों और उपभोक्ताओं को किया जागरूक

### जिलें में खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच और जागरूकता का चलाया जा रहा अभियान

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in


**कलेक्टर** श्रीमती नेहा मीना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग, सिवनी द्वारा उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलित खाद्य प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से दिनांक 16 अप्रैल 2026 को शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में सघन जांच एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया।



इस दौरान बारापत्थर, सिवनी स्थित टॉप एंड टाउन आइसक्रीम पार्लर से आइसक्रीम एवं एनर्जी ड्रिंक, शक्ति बेकर्स से चॉकलेट एवं एनर्जी ड्रिंक, हैमर आइसक्रीम पार्लर से आइसक्रीम एवं एनर्जी ड्रिंक तथा होको ब्रांड आइसक्रीम पार्लर से वनीला फ्लेवर आइसक्रीम के नमूने जांच हेतु लिए गए। निरीक्षण के दौरान विभागीय टीम ने संबंधित प्रतिष्ठानों की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया तथा खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण एवं परिसर में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अभियान के अंतर्गत मौके पर ही खाद्य कारोबारकर्ताओं को एकत्रित कर प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, जिसमें स्वच्छता मानकों का पालन, खाद्य पदार्थों में मिलावट की पहचान के सरल घरेलू तरीकों एवं सुरक्षित खाद्य प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी गई। चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदार्थों के नमूनों की प्रारंभिक जांच की गई, जिससे आमजन को भी पारदर्शी प्रक्रिया की जानकारी मिली और उनमें खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे खाद्य पदार्थ खरीदते समय गुणवत्ता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर संबंधित विभाग को अवगत कराएं।





स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433